2/71

# 2210N734

Candidate's Seat No :__________

**B.A Sem.-3 Examination**
**EC-II**
**Hindi**
**October-2024**

**Time : 2-30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

1. श्रीलाल शुक्ल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके साहित्यिक अवदान पर चर्चा कीजिए। 14

अथवा

उपन्यास के स्वरूप को परिभाषित कीजिए और उसके तत्वों पर प्रकाश डालिए।

2. 'सूनी घाटी का सूरज' उपन्यास के कथानक का सार अपने शब्दों में लिखिए। 14

अथवा

'सूनी घाटी का सूरज' उपन्यास की भाषा की विशेषताएँ सोदाहरण लिखिए।

3. सत्या की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 14

अथवा

मुंशी नवरतन लाल और बड़े ठाकुर के चरित्र पर टिपण्णी लिखिए।

4. (अ) किन्हीं **सात** विराम चिन्हों का नाम लिखिए और उनका उदहारण भी दीजिए। 07

(आ) निम्नलिखित परिच्छेद का संक्षेपण कीजिए : 07

ज्ञान राशि के संचित कोश का ही नाम साहित्य है। सब तरह के भावों को प्रकट करने की योग्यता रखने वाली और निर्दोष होने पर भी यदि कोई भाषा अपना साहित्य नहीं रखती तो वह रूपवती भिखारिन की तरह कदापि आदरणीय नहीं हो सकती। उसकी शोभा, उसकी श्री संपन्नता, उसकी मान-मर्यादा, उसके साहित्य पर ही अवलंबित रहती है। जाति-विशेष के उत्कर्ष का, उसके ऊँच-नीच भावों का, उसके ऐतिहासिक घटनाचक्रों और राजनीतिक स्थितियों का प्रतिबिम्ब यदि कहीं देखने को मिल सकता है, तो उसके ग्रंथ साहित्य में ही मिल सकता है। शक्ति एवं सजीवता, सामाजिक अशक्ति या निर्जीवता और सामाजिक सभ्यता तथा असभ्यता का निर्णायक एकमात्र साहित्य है।

(P.T.O)

N 734-2

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **सात** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 14

(1) श्रीलाल शुक्ल का जन्म कहाँ हुआ था?

(अ) उत्तर प्रदेश (आ) मध्य प्रदेश (इ) हिमाचल प्रदेश (ई) महाराष्ट्र

(2) श्रीलाल शुक्ल को 2009 में कौन-सा पुरस्कार प्राप्त हुआ था?

(अ) साहित्य अकादमी (आ) ज्ञानपीठ

(इ) मंगलाप्रसाद पारितोषिक (ई) इनमें से कोई नहीं

(3) निम्न में से कौन-सा तत्व उपन्यास का नहीं है?

(अ) कथानक (आ) चरित्र चित्रण (इ) संवाद (ई) रंगमंचीयता

(4) ठाकुर राजेश्वर सिंह कौन-से विभाग से पेंशन प्राप्त उच्च अधिकारी थे?

(अ) डाक विभाग (आ) वित्त विभाग (इ) शिक्षा विभाग (ई) कृषि विभाग

(5) कौन-सा काण्ड नगर की प्रतिष्ठित जनता के विचार-विमर्श का विषय बना रहा?

(अ) फिलिप-बेबी काण्ड (आ) भोपाल गैस त्रासदी काण्ड

(इ) तंदूर काण्ड (ई) इनमें से कोई नहीं

(6) अमजद अली ने इंट्रेंस पास करके कौन-से विभाग में अमीनी कर ली थी?

(अ) डाक विभाग (आ) नहर विभाग (इ) शिक्षा विभाग (ई) कृषि विभाग

(7) मसूरी से किसने पत्र लिखा था?

(अ) ठाकुर राजेश्वर सिंह (आ) सुरेन्द्र प्रताप बहादुर सिंह

(इ) ठाकुर अम्बिकेश सिंह (ई) इनमें से कोई नहीं

(8) प्रोफ़ेसर सिन्हा की कौन-सी किताब की पांडुलिपि रामदास ने तैयार की थी?

(अ) अर्थशास्त्र (आ) सौन्दर्यशास्त्र (इ) संपत्तिशास्त्र (ई) प्रारंभिक अर्थशास्त्र

(9) श्रीलाल शुक्ल को कौन-से उपन्यास पर साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ था?

(अ) मकान (आ) राग दरबारी (इ) तमस (ई) गोदान

(10) सत्या ने रामदास को कौन-सी परीक्षा देने की सलाह दी थी?

(अ) मुंसिफी (आ) क्लर्की (इ) सिविल सेवा (ई) यूजीसी

(11) 'सूनी घाटी का सूरज' उपन्यास कब प्रकाशित हुआ था?

(अ) 1998 (आ) 2022 (इ) 1987 (ई) 1992

(12) माली किसे ललचाई आँखों से देखता चला जाता है?

(अ) चवन्नी (आ) अठन्नी (इ) रूपया (ई) आना